जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रः जीविवि/प.नि./2022/968 दिनांक : 18.10.2022

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त स्वशासी महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर (म.प्र.)

विषय :- आपके महाविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों के सत्र 2018-19 से 2021-22 तक एवं आगामी सभी परीक्षा परिणामों के टेब्यूलेशन चार्ट की एक प्रति अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपका स्वशासी महाविद्यालय जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध होकर आपके महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों को जीवाजी विश्वविद्यालय के द्वारा उपाधि प्रदान की जाती है। साथ ही आपके महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्र अन्य देशों में अध्ययन हेतु प्रवेश एवं सेवा में नियुक्त होने पर जीवाजी विश्वविद्यालय से ट्रांसक्रिप्ट (प्रतिलेख) की मांग करते हैं। अतः कार्य में व्यवधान को ध्यान में रखते हुए आपसे अनुरोध है कि आप महाविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों के सत्र 2018-19 से 2021-22 तक एवं आगामी सभी परीक्षा परिणामों के टेब्यूलेशन चार्ट की एक प्रति अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें, जिससे छात्रों की समस्याओं का समय-सीमा में समाधान किया जा सके।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. माननीय कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. उप/सहा0 कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. प्राचार्य, के.आर.जी. स्वशासी महाविद्यालय,ग्वालियर, स्वशासी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया, स्वशासी महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, ग्वालियर, स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह, जिला मुरैना की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. परीक्षा विभाग के समस्त शाखा प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर महाविद्यालयों से प्राप्त रिकार्ड का संधारण सुनिश्चित करें।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)

विपिन पत्र